# 2019 (A)

# सामाजिक विज्ञान

## द्वितीय पाली (Second Sitting)

समय : 2 घंटे 45 मिनट ] [ पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश : 2019 (A) प्रथम पाली का निर्देश देखें।

### खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न-संख्या 1 से 40 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपनी द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR-शीट पर चिन्हित करें। 40 × 1 = 40

1. निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग कृषि पर आधारित नहीं है?
   (A) सूती वस्त्र (B) सीमेंट (C) चीनी (D) जूट
2. विश्व-व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना कब हुई?
   (A) 1992 (B) 1993 (C) 1994 (D) 1995
3. लिच्छवि गणतंत्र भारत के किस राज्य में अवस्थित था?
   (A) बिहार (B) राजस्थान (C) महाराष्ट्र (D) त्रिपुरा
4. पीतल बनाया जाता है
   (A) ताँबे से (B) जस्ते से
   (C) ताँबा और जस्ता दोनों से (D) ताँबा, जस्ता और टिन से
5. भारत में अत्यन्त विनाशकारी भूकम्प आया था
   (A) 1934 में (B) 1948 में (C) 1967 में (D) 1990 में
6. 1977 की लोकसभा के चुनाव में किस दल को स्पष्ट बहुमत मिला?
   (A) भारतीय जनता पार्टी (B) जनता पार्टी
   (C) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (D) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
7. कार्ल मार्क्स का जन्म कहाँ हुआ था?
   (A) जर्मनी (B) इंग्लैंड (C) फ्रांस (D) पोलैंड
8. ग्राम कचहरी का प्रधान कौन होता है?
   (A) पंच (B) सरपंच (C) प्रमुख (D) न्यायमित्र
9. जवाहर रोजगार योजना लागू हुई
   (A) 1988 (B) 1989 (C) 1990 (D) 1991
10. नरेगा के अंतर्गत ग्रामीण मजदूरों को साल में कम-से-कम कितने दिनों के लिए रोजगार देने की व्यवस्था है?
    (A) 100 दिनों के लिए (B) 125 दिनों के लिए
    (C) 150 दिनों के लिए (D) 200 दिनों के लिए
11. 16वीं लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या कितनी है?
    (A) 61 (B) 63 (C) 65 (D) 67
12. इनमें से कौन-सा सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग है?
    (A) राजमार्ग संख्या-2 (B) राजमार्ग संख्या-3
    (C) राजमार्ग संख्या-5 (D) राजमार्ग संख्या-7
13. मानव पूँजी के प्रमुख घटक है
    (A) ज्ञान (B) कौशल (C) अनुभव (D) इनमें से सभी
14. सर्वाधिक वर्षा होती है
    (A) पूर्णिया में (B) चेरापूँजी में (C) कोच्चि में (D) मानसिनराम में

A ONLINE SOLUTION

15. नोबेल पुरस्कार से सम्मानित बांग्लादेशी अर्थशास्त्री हैं?
(A) प्रो॰ इकबाल युनुस
(B) मो॰ इकबाल युनुस
(C) प्रो॰ मो॰ युनुस
(D) मो॰ शफीक युनुस

16. निम्न में से कौन विदेशी ब्रांड नहीं है?
(A) हुंडई (B) टोयोटा (C) फोर्ड (D) टाटा

17. झारखण्ड राज्य का गठन कब हुआ था?
(A) 1 नवम्बर, 2000
(B) 9 नवम्बर, 2000
(C) 15 नवम्बर, 2000
(D) 15 नवम्बर, 2001

18. इनमें से कौन-सी प्राथमिक ऊर्जा नहीं है?
(A) प्राकृतिक गैस (B) पेट्रोलियम (C) विद्युत (D) कोयला

19. दाल किस पौष्टिक अंश का स्रोत है?
(A) कार्बोहाइड्रेट (B) प्रोटीन (C) विटामिन D (D) वसा

20. भारत में कितने राष्ट्रीयकृत बैंक हैं?
(A) 14 (B) 19 (C) 20 (D) 27

21. नेपानगर प्रसिद्ध है
(A) चीनी के लिए
(B) सीमेंट के लिए
(C) अखबारी कागज के लिए
(D) सूती कपड़ों के लिए

22. 'हिन्दुस्तान रिव्यू' का प्रकाशन किसने आरंभ किया?
(A) रामकृष्ण वर्मा
(B) श्री कृष्ण सिंह
(C) मजहरुल हक
(D) सच्चिदानंद सिन्हा

23. सेफ्टी लैम्प का आविष्कार किसने किया था?
(A) क्रॉम्पटन (B) जेम्स हारग्रीव्स (C) हम्फ्री डेवी (D) जॉन के

24. अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन की स्थापना किस वर्ष हुई?
(A) 1917 (B) 1919 (C) 1921 (D) 1923

25. मन्दार हिल किस जिले में स्थित है?
(A) मुंगेर (B) भागलपुर (C) बांका (D) बक्सर

26. भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिह्न क्या है?
(A) हाथ का पंजा (B) कमल का फूल (C) गेंदा का फूल (D) चक्र

27. सोलहवीं लोकसभा का चुनाव किस वर्ष हुआ?
(A) 2012 (B) 2013 (C) 2014 (D) 2015

28. पटना में गोलघर किस उद्देश्य से बनाया गया था?
(A) सैनिक रखने के लिए
(B) अस्त्र-शस्त्र रखने के लिए
(C) अनाज रखने के लिए
(D) पूजा करने के लिए

29. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई?
(A) 1885 (B) 1890 (C) 1895 (D) 1900

30. इनमें से कौन-सी प्राकृतिक आपदा नहीं है?
(A) आतंकवाद (B) सुनामी (C) बाढ़ (D) भूकम्प

31. 'यंग यूरोप' का संस्थापक कौन था?
(A) मेजिनी
(B) गैरीबाल्डी
(C) विक्टर इमानुएल
(D) मुसोलिनी

32. भारत में योजना आयोग का गठन कब किया गया था?
(A) 15 मार्च, 1950
(B) 15 सितम्बर, 1950
(C) 15 अक्टूबर, 1951
(D) इनमें से कोई नहीं

33. गाँधीजी ने साबरमती आश्रम की स्थापना किस वर्ष की?
(A) 1895 (B) 1900 (C) 1915 (D) 1916

34. ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की?
(A) राजा राममोहन राय
(B) दयानंद सरस्वती
(C) विवेकानंद
(D) रामकृष्ण परमहंस

A ONLINE SOLUTION

35. ''लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन है।'' यह कथन किसका है?
(A) अरस्तु (B) जार्ज वॉशिंगटन (C) अब्राहम लिंकन (D) लार्ड ब्राइस

36. भारत का सबसे बड़ा बन्दरगाह है
(A) मुंबई (B) चेन्नई (C) कोलकाता (D) कांडला

37. 'यूरोप का मरीज' किसे कहा जाता था?
(A) तुर्की (B) इटली (C) इंग्लैंड (D) फ्रांस

38. भारत सरकार ने 'सूचना का अधिकार अधिनियम' कब पारित किया?
(A) 2004 (B) 2005 (C) 2006 (D) 2007

39. कागज का अविष्कार किस देश में हुआ?
(A) चीन (B) जर्मनी (C) जापान (D) रोम

40. काली मिट्टी उपयुक्त है
(A) कपास के लिए (B) लीची के लिए
(C) गेहूँ के लिए (D) बाजरा के लिए

## खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

### इतिहास (History)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 1 से 5 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** $3 \times 2 = 6$

1. अक्टूबर क्रांति से आप क्या समझते हैं?
2. सविनय अवज्ञा आन्दोलन का क्या परिणाम हुआ?
3. प्रथम विश्व युद्ध के किन्हीं दो कारणों का वर्णन करें।
4. विश्व बाजार किसे कहते हैं?
5. पाण्डुलिपि क्या है? इसकी क्या उपयोगिता है?

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 6 से 7 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** $4 \times 1 = 4$

6. लेनिन के जीवन एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालें।
7. भारतीय प्रेस की विशेषताओं को लिखें।

### राजनीति विज्ञान (Political Science)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 8 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** $2 \times 2 = 4$

8. साम्प्रदायिक सद्भाव को प्रोत्साहित करने के लिए आप क्या करेंगे?
9. चिपको आन्दोलन के मुख्य उद्देश्य क्या हैं?
10. भारतीय लोकतंत्र की किन्हीं चार समस्याओं का वर्णन करें।
11. धर्म निरपेक्ष राज्य किसे कहते हैं?
12. समवर्ती सूची क्या है?
13. राजनीतिक दलों को प्रभावशाली बनाने के दो सुझाव दें।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 14 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** $4 \times 1 = 4$

14. साम्प्रदायिकता के किन्हीं चार कारणों को लिखें।
15. राजनीतिक दलों के प्रमुख कार्य बताएँ।

### अर्थशास्त्र (Economics)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 16 से 18 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** $2 \times 2 = 4$

16. आर्थिक आधारभूत संरचना का क्या महत्त्व है?
17. सहकारिता से आप क्या समझते हैं?
18. उपभोक्ताओं के शोषण के कौन-कौन से तरीके हैं?

AA ONLINE SOLUTION

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 19 से 20 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4 × 1 = 4

19. बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन के क्या कारण हैं?
20. वैश्वीकरण से बिहार पर पड़े प्रभावों को समझाएँ।

## भूगोल (Geography)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 21 से 25 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** 3 × 2 = 6

21. प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है?
22. कपास के उत्पादन में महाराष्ट्र क्यों प्रसिद्ध है?
23. पेट्रोलियम का महत्त्व कोयले से अधिक क्यों है?
24. उद्योगों से प्रदूषण कैसे फैलता है?
25. भारत के लिए जलमार्ग का क्या महत्त्व है?

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4 × 1 = 4

26. अर्थव्यवस्था पर खनन-कार्य के प्रभावों का वर्णन करें।
27. भारतीय रेल परिवहन की विशेषताओं का वर्णन करें।

## आपदा प्रबंधन (Digaster Management)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 28 से 31 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** 2 × 2 = 4

28. आपदा से आप क्या समझते हैं?
29. बाढ़ से होने वाली हानियों की विवेचना कीजिए।
30. भूकम्प से बचाव के किन्हीं दो उपायों का उल्लेख करें।
31. सुनामी से बचाव के उपायों का उल्लेख करें।

## उत्तर (Answers)

### खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (D) | 3. (A) | 4. (C) | 5. (A) | 6. (B) | 7. (A) |
| 8. (B) | 9. (B) | 10. (B) | 11. (A) | 12. (D) | 13. (D) | 14. (D) |
| 15. (C) | 16. (D) | 17. (C) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (B) | 21. (C) |
| 22. (D) | 23. (C) | 24. (B) | 25. (C) | 26. (B) | 27. (C) | 28. (C) |
| 29. (A) | 30. (A) | 31. (A) | 32. (A) | 33. (D) | 34. (A) | 35. (C) |
| 36. (A) | 37. (A) | 38. (B) | 39. (A) | 40. (A) | | |

### खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. 7 नवम्बर, 1917 को बोल्शेविक दल ने बलपूर्वक रूस की सत्ता पर कब्जा कर लिया। इस घटना को इतिहास में अक्टूबर क्रांति कहा जाता है क्योंकि उस दिन पुराने कैलेण्डर के अनुसार 25 अक्टूबर की तारीख थी।

2. सविनय अवज्ञा आंदोलन के निम्नलिखित परिणाम हुए—(i) इस आंदोलन ने राष्ट्रीय आंदोलन के सामाजिक आधार का विस्तार किया। इस विस्तृत सामाजिक आधार को महिलाओं की भागीदारी, मजदूर वर्ग की भागीदारी, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के निर्धन एवं अशिक्षित लोगों की भागीदारी के अंतर्गत देखा जा सकता है। (ii) इस आंदोलन के परिणामस्वरूप समाज के नए वर्गों में अंग्रेज विरोधी भावनाएँ व्याप्त हुईं। (iii) आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी विशेष महत्त्व रखती है। (iv) इस आंदोलन ने श्रमिक एवं कृषकों को भी प्रभावित किया। (v) पहली बार ब्रिटिश सरकार के कांग्रेस से समानता के आधार पर बात-चीत की।

A A ONLINE SOLUTION

**3.** प्रथम विश्व युद्ध के दो कारण थे— यूरोपीय शक्ति-संतुलन का बिगड़ना तथा साम्राज्यवादी प्रतिस्पर्द्धा। 1871 के बाद जर्मनी इंगलैंड और फ्रांस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया। साम्राज्यवादी प्रतिस्पर्द्धा औद्योगिक क्रांति के परिणामस्वरूप उत्पन्न औपनिवेशिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए हुई।

**4. विश्व बाजार :** उस तरह के बाजारों को हम विश्व बाजार कहेंगे जहाँ विश्व के सभी देशों की वस्तुएँ आमलोगों को खरीदने के लिए उपलब्ध हों। जैसे भारत की आर्थिक राजधानी मुम्बई।

**5.** छापाखाना के विकास से पूर्व प्राकृत, पाली, संस्कृत, अरबी, फारसी एवं तमिल इत्यादि साहित्यों में, सुलेखन कला से परिपूर्ण हस्तलिखित रचनाएँ पाण्डुलिपि कहलाती हैं।

**6.** रूस में बोल्शेविक क्रांति का प्रणेता लेनिन था। उसका जन्म 10 अप्रैल 1870 को वोल्गा नदी के किनारे सिमब्रस्क नामक गाँव में हुआ था। वह जारशाही का विरोधी और मार्क्सवाद का समर्थक था। उसने सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और बोल्शेविक दल का नेता बन गया। 1905 की रूसी क्रांति में उसने भाग लिया था। मार्च 1917 में स्विट्जरलैंड से रूस वापस आकर उसने बोल्शेविक दल का नेतृत्व ग्रहण किया। 'अप्रैल थीसिस' में उसने बोल्शेविक दल के उद्देश्य और कार्यक्रम स्पष्ट किए। लेनिन ने केरेन्सकी की सत्ता समाप्त कर बोल्शेविकों की सरकार स्थापित की। इस प्रकार, रूस में सर्वहारा वर्ग की सरकार बनी। सत्ता की बागडोर सँभालने के बाद लेनिन ने रूस के नवनिर्माण का कार्य आरंभ किया। 1924 में उसकी मृत्यु हो गई।

**7.** 19वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक कुलीन, सामंत और सामान्य जनता की समाचारपत्रों में रुचि नहीं थी। अतः, प्रेस चलाना घाटे का सौदा माना जाता था। साथ ही, सरकार का कोपभाजन बनने का भी खतरा था। इसलिए, समाचारपत्रों का प्रकाशन सीमित स्तर पर होता था, तथापि समाचारपत्रों ने सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलनों को बढ़ावा देकर तथा प्रजातीय विभेद की नीति की आलोचना कर राष्ट्रीय चेतना जगाई। 1857 के विद्रोह के बाद भारतीय समाचारपत्रों के प्रकाशन में तेजी आई। भारतीय प्रेस स्पष्टतः ऐंग्लोइंडियन और भारतीय में विभक्त हो गया। ऐंग्लोइंडियन प्रेस सरकारी नीतियों का समर्थक, प्रजातीय विभेद को बढ़ावा देनेवाला एवं संरक्षण-प्राप्त था, जैसे— इंगलिशमैन। इसके विपरीत, भारतीय समाचारपत्र (देशी और अँगरेजी भाषा में) सरकारी नीतियों का आलोचक था। इसने राजनीतिक-सामाजिक मुद्दों पर भारतीय दृष्टिकोण को रखा। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तथा 20वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध से समाचारपत्रों की संख्या में वृद्धि हुई तथा इसने राष्ट्रीय आंदोलन को गति दी। इसे सरकार का कोपभाजन भी बनना पड़ा।

**8.** साम्प्रदायिक सदभाव के प्रोत्साहन के प्रमुख बिन्दु—(i) नैतिक मूल्यों एवं सद्भाव को बढ़ावा देना। (ii) एक-दूसरे के धर्मों का आदर करना। (iii) एक-दूसरे के पर्व, त्योहारों में शामिल होना। (iv) संविधान का धर्म निरपेक्ष होना। (v) अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की गारंटी। (vi) मॉब लिविंग जैसी घटनाओं पर पूर्ण विराम। (vii) सभी धर्मों के लोगों का सरकार के अंगों में उचित प्रतिनिधित्व इत्यादि।

**9.** 2017 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 20 का उत्तर देखें।

**10.** (i) भारत में शिक्षा का अभाव है जिससे यहाँ की जनता अपने अधिकार और कर्तव्य के प्रति सचेत नहीं रहती। (ii) हमारे देश में सामाजिक समानता की जगह जाति, धर्म, ऊँच-नीच का भेदभाव अधिक है। (iii) भारत की जनता मतदान के महत्त्व को नहीं समझ पाती है, अतः मतदान का दुरुपयोग होता है। (iv) भारत में आर्थिक समानता का अभाव है। आर्थिक समानता के अभाव में राजनीतिक स्वतंत्रता बेकार है।

**11.** 2017 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 18 का उत्तर देखें।

**12.** संघीय व्यवस्था के अंतर्गत केन्द्र एवं राज्य दोनों के लिए महत्त्व रखने वाले विषयों को जिस सूची में शामिल किया गया है उसे समवर्ती सूची कहा जाता है। ऐसी सूची में केन्द्र एवं राज्य दोनों कानून बना सकते हैं। लेकिन जब किसी एक ही विषय पर केन्द्र एवं राज्य दोनों कानून बनाते हैं तो केन्द्र द्वारा बनाया गया कानून ही मान्य होता है।

**13.** 2011 (A) के प्रश्न-संख्या 26 का उत्तर देखें।

**14.** साम्प्रदायिकता के कारण—(i) धार्मिक विद्वेश, (ii) धार्मिक आधार पर राजनीतिक दलों का **गठन,** (iii) अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की भावना, (iv) धर्म को राष्ट्र का आधार बनाना, (v) **ध्रुवीकरण की** राजनीति, (vi) मतदान हेतु धार्मिक अपील, (vii) तुष्टिकरण की राजनीति।

**15.** 2011 (A) के प्रश्न-संख्या 27 का उत्तर देखें।

**16.** 2015 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 25 का उत्तर देखें।

**17.** 2011 (A) के प्रश्न-संख्या 42 का उत्तर देखें।

**18.** उपभोक्ताओं के शोषण के तरीके—(i) मिलावट की समस्या। (ii) कम तौल द्वारा। (iii) नकली सामान देकर। (iv) ऊँची कीमत वसूल करना। (v) इनाम का लालच देकर इत्यादि।

A ONLINE SOLUTION

**19.** बिहार का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है लेकिन आज वही बिहार कई तरह की समस्याओं का शिकार है। गरीबी, बरोजगारी, भ्रष्टाचार तथा अशांति का माहौल है। साधनों के मामले में धनी होते हुए भी बिहार की स्थिति दयनीय है।

**बिहार के पिछड़ेपन के कारण :** आर्थिक दृष्टि से बिहार के पिछड़ेपन के कुछ प्रमुख कारण इस प्रकार हैं— (i) **तेजी से बढ़ती जनसंख्या :** बिहार में जनसंख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते विकास के लिए साधन कम हो रहे हैं। अधिकांश साधन जनसंख्या के भरण-पोषण में चला जाता है।

(ii) **आधारिक संरचना का अभाव :** किसी भी देश या राज्य के लिए आधारिक संरचनाओं का होना जरूरी होता है। लेकिन बिहार इस मामले में काफी पीछे है। राज्य में सड़क, बिजली एवं सिंचाई का अभाव है। साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ भी कम हैं।

(iii) **कृषि पर निर्भरता :** बिहार की अर्थव्यवस्था पूरी तरह कृषि पर आधारित है। यहाँ की अधिकांश जनता कृषि पर ही निर्भर है। लेकिन हमारी कृषि की भी हालत ठीक नहीं है। हमारी कृषि काफी पिछड़ी हुई है।

**आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने के उपाय :** (i) बिहार में बाढ़ की समस्या का स्थायी निदान किया जाये। (ii) कृषि में उत्पादकता बढ़ाने के लिए पंजाब व हरियाणा के समान कार्य किये जाएँ। (iii) औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया जाये, ताकि रोजगार के साधनों में भी वृद्धि हो। (iv) बिहार में बेरोजगारी को दूर करने के लिए सरकार को निजी क्षेत्र के उद्यमी को उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

**20.** 2013 (A) के प्रश्न-संख्या 27 (अथवा) का उत्तर देखें।

**21.** 2017 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर देखें।

**22.** कपास के उत्पादन के लिए लावा निर्मित काली मिट्टी, पाला रहित मौसम, तेज धूप एवं शुष्क वातावरण की आवश्यकता होती है। ये सारी विशेषताएँ महाराष्ट्र में पायी जाती हैं। अतः यह कपास उत्पादन में प्रसिद्ध है।

**23.** पेट्रोलियम शक्ति के सभी साधनों में उच्च गुणवत्ता युक्त सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं व्यापक रूप से उपयोगी है। यह सभी तरह के यातायात का प्रमुख संसाधन है। इसके अलावे ऊर्जा और घरेलू गैस का भी प्रमुख साधन है। इसकी ढुलाई कोयले की अपेक्षाकृत ज्यादा आसान है। साथ ही यह कई उद्योगों जैसे गैसोलिन, पेट्रोल डीजल, स्नेहक इत्यादि के लिए कच्चे माल का कार्य करता है। अतः इसका महत्त्व कोयले से अधिक है।

**24.** किसी भी राष्ट्र के आर्थिक विकास में उद्योगों का अति महत्त्वपूर्ण योगदान है, लेकिन ये प्रदूषण के प्रमुख कारक भी हैं। इनसे कई प्रकार से प्रदूषण फैलते हैं—(i) दूषित वायु एवं जहरीली गैसों के रूप में (ii) जलीय अपशिष्ट एवं रसायनों के द्वारा (iii) बड़ी-बड़ी मशीनों से होने वाले शोर के रूप में (iv) उद्योगों से निकली गर्मी एवं तापघरों का गर्म पानी नदियों में छोड़ने के कारण तापीय प्रदूषण के रूप में। (v) परमाणु रियेक्टरों से निकले रेडियो ऐक्टिव पदार्थों के अवशिष्ट के रूप में

**25.** 2014 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 14 का उत्तर देखें।

**26.** खनन-कार्य का अर्थव्यवस्था पर निम्नांकित प्रभाव पड़ता है।

(i) विभिन्न प्रकार के खदानों में खनन-कार्य हेतु लाखों लोगों को रखा जाता है। फलतः, बेरोजगारी दूर होती है।

(ii) खदानों को विकसित करने के लिए सड़क, रेल, विद्युत आदि आधारभूत संरचना में वृद्धि करनी पड़ती है। इससे आर्थिक प्रगति की गति तेज होती है।

(iii) खदान क्षेत्र में पहले से बसी आबादी का पुनर्वास करना पड़ता है। अतः, उनका पुनर्वास जिस नए क्षेत्र में होता है, वहाँ भी नए ढंग से विकास की गति आगे बढ़ती है।

(iv) खनन-कार्य से प्राप्त दुर्लभ खनिजों के निर्यात से विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है।

(v) खनन से प्राप्त खनिजों से उद्योग खड़े किए जाते हैं। इससे लोगों को रोजगार मिलता है, व्यवसाय में वृद्धि होती है तथा देश का विकास होता है।

**27.** 2015 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 14 का उत्तर देखें।

**28.** 2012 (A) के प्रश्न-संख्या 46 का उत्तर देखें।

**29.** 2011 (A) के प्रश्न-संख्या 46 का उत्तर देखें।

**30.** 2011 (A) के प्रश्न-संख्या 45 का उत्तर देखें।

**31.** 2018 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 22 का उत्तर देखें।